# मुक्तिधाम मार्ग बाधित, मोहल्ले में करना पड़ा अंतिम संस्कार

## सहरंगों ने किया आम रास्ते पर अतिक्रमण, सैकड़ों बार शिकायत कर चुके हैं पार्षद

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 24 नवंबर. नगर निगम की अतिक्रमण शाखा की लचर कार्यशैली के चलते न सिर्फ आम जन को हर रोज कई तरह की समस्यायों का सामना करना पड़ रहा है बल्कि आलम यह है कि मुक्तिधाम के रास्ते पर अतिक्रमण के चलते लोगों को मृत्यु के बाद भी अंतिम संस्कार के लिए जगह उपलब्ध नहीं हो पा रही है.**

जिम्मेदारों की संवेदनहीनता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि मजबूर आदिवासी परिवार को मृत महिला का अंतिम संस्कार अपने मोहल्ले में ही करना पड़ा.

शहर के वार्ड क्र. 17 की पार्षद श्रीमती ऊषा गंगा कुशवाहा द्वारा आयुक्त नगर निगम को एक पत्र लिखा गया है. पत्र में उल्लेखित समस्या यह बताने के लिए काफी है कि कैसे कुछ सहरंग किस्म के लोगों द्वारा रहवासियों से मुक्तिधाम में जाकर अंतिम संस्कार करने के अधिकार तक को छीन लिया गया है. निगमायुक्त को लिखे पत्र में पार्षद द्वारा यह उल्लेख किया गया है कि वार्ड क्र. 17 में केंद्रीय जेल के सामने एक मुक्तिधाम है. जिसे नगर निगम द्वारा लाखों रुपए खर्च करके बनाया गया था. 15-20 हजार की आबादी वाले क्षेत्र के आमजन के परिवार में किसी की मृत्यु होने पर



इसी मुक्तिधाम का उपयोग किया जाता था. लेकिन इस मुक्तिधाम के आम रास्ते पर दो सहरंगों ने अतिक्रमण कर लिया. अतिमक्रमण करने का नतीजा यह हुआ कि मुक्तिधाम की ओर जाने वाला आम रास्ता बंद कर दिया गया. मुक्तिधाम के आम रास्ते पर अतिक्रमण कर उसे बंद किए जाने के कारण स्थानीय रहवासियों का वहां तक पहुंच पाना असंभव हो गया. मजबूर होकर लोगों को अपने परिजनों का अंतिम संस्कार किसी दूसरे मुक्तिधाम में करना पड़ा. इस समस्या को देखते हुए पार्षद द्वारा कई बार नगर निगम को सूचना दी गई. आलम यह रहा कि पिछले 5 वर्ष में पार्षद द्वारा सैकड़ों बार मामले की शिकायत की गई. लेकिन इसके बावजूद भी अतिक्रमण जस का तस बना हुआ है.

### मोहल्ले में जलानी पड़ी चिता

वार्ड क्र. 17 की पार्षद श्रीमती ऊषा गंगा कुशवाहा के अनुसार ओपेन जेल के पीछे रहने वाले एक आदिवासी परिवार में एक महिला की मृत्यु हो गई थी. मृतका के परिजन सहित अन्य स्थानीय रहवासियों द्वारा इस बात का काफी प्रयास किया गया कि किसी तरह मृतका का अंतिम संस्कार मुक्तिधाम में हो जाए. लेकिन इस मामले में न तो सहरंगों का कलेजा पसीजा और न ही ननि का अतिक्रमण दस्ता ही हरकत में आया. नतीजतन 15 नवंबर को मजबूर होकर परिजनों को मोहल्ले में ही मृतका की चिता बनानी पड़ी और वहीं पर उनका अंतिम संस्कार किया गया.



# महापौर ने निरीक्षण में अनुपस्थित मिले कर्मचारियों पर कार्यवाही के लिए लिखा पत्र

## आठ कर्मचारी मिले अनुपस्थित

**नवभारत न्यूज**

**सतना 24 नवम्बर। महापौर योगेश ताम्रकार ने सोमवार को शहर के दो जोन कार्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान दोनों कार्यालयों से बिना किसी कारण के अनुपस्थित मिले आठ कर्मचारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाई करने के लिए आयुक्त नगर निगम को पत्र लिखा है।**

मिली जानकारी के अनुसार महापौर श्री ताम्रकार ने नगर पालिका के जोन क्रमांक -1 धवारी, जोन क्रमांक-5 लालता चौक स्थित कार्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण किया। जिसमे वहां पदस्थ कर्मचारी अधिकारी अनुपस्थित पाये गए। जोन क्रमांक -1 में बिना पूर्व सूचना जो कर्मचारी अनुपस्थित मिले उनमे प्रभारी उप राजस्व निरीक्षक अनुराग सिंह कम्प्यूटर आपरेटर कल्पना विश्वकर्मा सामुदायिक संगठक सुमन श्रीवास्तव एवं सहायक राजस्व निरीक्षक राजकिशोर कुशवाहा सामिल थे। इसी प्रकार जोन क्रमांक-5 लालता चौक में प्रभारी उप राजस्व निरीक्षक आसुतोष अवस्थी सहायक राजस्व निरीक्षक चंद्रहास तिवारी स्थल निरीक्षक राजवेन्द्र सिंह एवं मस्टर श्रमिक रमेशचन्द्र तिवारी भी बिना कारण बताए कार्यालय में अनुपस्थित मिले। पत्र में महापौर ने निगमायुक्त से अनुपस्थित पाये गए कर्मचारियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाई के आदेश दिये हैं। उन्होंने कहा है कि कर्मचारियों का इस प्रकार का आचरण पूर्णत: अस्वीकार है और नगर निगम प्रशासन की गारिमा व कार्यकुशलता को प्रभावित करता है।

# जिला शिक्षा अधिकारी ने प्रभारी प्राचार्य से मांगा जवाब

## ओलंपियाड प्रतियोगिता में सम्मिलित छात्रों को भोजन के बजाए नाशता दिए जाने का मामला

**नवभारत न्यूज**

**सतना 24 नवंबर. राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल के दिशा निर्देशों के आधार पर जन शिक्षा केंद्र स्तर पर आयोजित ओलंपियाड प्रतियोगिता में सम्मिलित छात्रों को बैठाकर भोजन कराने के बजाए कागज में लपेटकर नाश्ता थमा दिए जाने के मामले को संज्ञान में लेते हुए जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा शासकीय व्यंकट क्र.-2 की प्रभारी प्रचार्य को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए जवाब मांगा गया है.**

डीईओ द्वारा जारी पत्र में इस बात का स्पष्ट उल्लेख किया गया है कि राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल से जारी दिशा निर्देशों के आधार पर कक्षा 2 से लेकर कक्षा 8 तक के विद्यार्थियों के लिए जन शिक्षा केंद्र स्तर की ओलंपियाड प्रतियोगिता 18 नवंबर को आयोजित की गई थी. राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा इस बात के स्पष्ट निर्देश दिए गए थे कि विद्यार्थियों के लिए बैठाकर पूड़ी-सब्जी और मीठा खिलाया जाए. लेकिन इसके बावजूद भी शासकीय व्यंकट क्र. 2 के परीक्षा केंद्र में सम्मिलित हुए छात्रों को भोजन कराने के बजाए मात्र नाश्ता वितरित कराया गया. वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश के बावजूद भी विद्याार्थियों के लिए भोजन की व्यवस्था न करना वरिष्ठ अधिकारयों के निर्देशों का स्पष्ट उल्लंघन है. यह कृत्य अनुशासनहीनता की परिधि में आता है. लिहाजा डीईओ द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी कर उल्लेख किया गया है कि क्यों ने प्रभारी प्राचार्य के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाए. गौरतलब है कि डीईओ द्वारा जारी किए गए पत्र की समय सीमा सोमवार को समाप्त हो गई. लेकिन इसके बावजूद भी न तो प्रभारी प्राचार्य का जवाब सामने आ सका और न ही यह जानकारी कि इस संबंध में डीईओ द्वारा क्या कार्रवाई की गई.

### नगरीय निकाय की मतदाता सूची का हुआ अंतिम प्रकाशन

**सतना 24 नवम्बर.** अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी विकास सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को संयुक्त कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण 2025 के तहत मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में बैठक संपन्न हुई। बैठक में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन की प्रति सौंपी गई।

# सामाजिक विज्ञान के शिक्षकों को प्रशिक्षण

**नवभारत न्यूज**

**सतना 24 नवंबर. शासकीय उत्कृष्ट वेंकट क्र.-1 उमा विद्यालय में सोमवार को सामाजिक विज्ञान के शिक्षकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित हुआ. जिसमें सतना-मैहर जिले के 2 सैकड़ा से अधिक शिक्षकों ने सहभागिता की.**

जिला मास्टर ट्रेनर मोहित गर्ग ने जानकारी देते हुए बताया कि बेहतर वार्षिक परीक्षा परिणाम लाने के लिए शिक्षकों को 360 डिग्री एसेसमेंट के गुर बताए गए. ब्लूप्रिंट, वस्तुनिष्ठ प्रश्न, लघु उत्तरीय प्रश्न, मैप वर्क आदि को हल करने की सरलतम विधि के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी साझा



करने के साथ-साथ ग्रुप डिस्कशन, कहानी विधि, प्रश्न मंच, प्रोजेक्ट और स्थानीय परिवेश से अनुकरणीय उदाहरण द्वारा भी कठिन अवधारणाओं को कैसे सरल बनाया जाए इसके बारे में विस्तार से बताया गया. इसी कड़ी में अर्धवार्षिक परीक्षा में डी और ई ग्रेड प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की विषयगत समस्या के समाधान को लेकर रेमेडियल कक्षाओं के संचालन के लिए महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए गए. इस प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर एम के शुक्ला दिलीप गौतम, अनिल पाण्डेय एवं एस पी वर्मा ने भी सक्रिय सहभागिता निभाई.

# महिला का बैग लूटने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

▶ बाइक सवार बदमाशों ने दिया था घटना को अंजाम

**नवभारत न्यूज**

**सतना 24 नवंबर. पति के साथ बाइक पर सवार होकर जा रही महिला के हाथ से झपट्टा मारकर बैग लूट लेने वाले 3 आरोपियों को पुलिस ने दबोचते हुए सलाखों के पीछे पहुंचा दिया.**

मैहर जिले के अमदरा थाना प्रभारी के पी त्रिपाठी से प्राप्त जानकारी के अनुसार श्रीमती चंद्रा त्रिपाठी अपने पति उमेश के साथ बाइक पर सवार होकर अपने घर रामपुर बघेलान के झण्ड से



शाहनगर की ओर जा रही थीं. एनएच 30 पर खेरवासनी टोला प्लाजा से पहले रैगवां के पास पीछे से पल्सर बाइक पर सवार 3 बदमाश अचानक आ गए. पल्सर बाइक पर पीछे बैठे बदमाश ने चलती मोटरसाइकिल से महिला के हाथ पर वार करते हुए उसका बैग छीन लिया. महिला का बैग छीनने के बाद बाइक सवार बदमाश कटनी की ओर भाग निकले. इस संबंध में शिकायत प्राप्त होने पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज करते हुए छानबीन शुरु की. विवेचना के दौरान सामने आई जानकारी के आधार पर पुलिस ने 3 आरोपियों को नवल किशोर साहू 25 वर्ष निवासी झांझर रीवा, अंकित देव साकेत 21 वर्ष निवासी रेरुआ पुरवा सोहागी रीवा और आजाद कुशवाहा 19 वर्ष निवासी चिरहुला रोड रीवा को गिरफ्तार कर लिया. पूछताछ में आरोपियों ने लूट की घटना को करना स्पीकार कर लिया. जिसके आधार पर आरोपियों के पास से 2 हजार की नकदी और 12 हजार का स्मार्ट फोन बरामद कर लिया गया. इसी कड़ी में घटना में प्रयुक्त पल्स बाइक भी जब्त कर ली गई.

### औरंगाबाद में मिली बालिका

मैहर के बदेरा थाना क्षेत्र अंतर्गत एक बालिका अचानक अपने घर से गायब हो गई थी. जिसकी शिकायत पिता द्वारा थाने में 5 मई को की गई थी. पुलिस द्वारा प्रकरण दर्ज कर बालिका की तलाश की जाती रही. इसी कड़ी में साइबर सेल से मिली जानकारी के आधार पर पुलिस टीम ने उसे महाराष्ट्र के औरंगाबाद से खोज निकाला. औपचारिक कार्रवाई के बाद बालिका को उसके परिजनों को सौंप दिया गया.



# गाथा श्रीराम मंदिर की भक्ति संगीत कार्यक्रम की तैयारियां जोर शोर से प्रारंभ

**नवभारत न्यूज**

**सतना,24 नवम्बर. 11 जनवरी रविवार को आयोजित गाथा श्रीराम मंदिर की भक्ति संगीत कार्यक्रम की तैयारी जोरशोर से प्रारंभ हो गई है.**

तैयारियों को लेकर 23 नवंबर रविवार को रीवा रोड स्थित एमरल्ड ग्रीन सोसाइटी में वरिष्ठ समाजसेवियों के सानिध्य में विशेष बैठक आयोजित की गई. बैठक में युवा महिलाएं एवं लायनेस क्लब के पदाधिकारी एवं सदस्यगण विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक की जानकारी देते हुए संजय खिलवानी एवं अमित शर्मा ने बताया यह आयोजन रीवा रोड स्थित बीटीआई ग्राउंड परिसर में शाम 5.00 बजे से आयोजित किया जाएगा। संस्था के अमिता भावनानी ने बताया इस आयोजन करने का मुख्य उद्देश आने वाली पीढ़ी में भगवान श्री राम के आदर्शों, संस्कृति और मूल्यों के प्रति श्रद्धा का संचार हो सके .कार्यक्रम की शानदार प्रस्तुति भोपाल से पधारे रहे मोहित सेवानी एवं उनकी टीम द्वारा प्रस्तुत की जाएंगी। बैठक में मुख्य रूप से मनोहर भोजवानी,डॉ.नवीन कालरा, डॉ. सरीका कालरा,नरेश डिगवानी, मनोहर डिगवानी, मनोहर लाल आरतानी, सौरभ खंडेलवाल अरुण जैतली, विनोद कुमार पांडे, गुरमीत सिंह आकांक्षु खुराना ,कन्हैयालाल सेनानी, संतोष दुधनी शनि छपरा ,अंकित गोयल, मनोज जैन, सतीश जैन अन्य वरिष्ठजन उपस्थित थे.

# डिग्री कॉलेज में स्वास्थ्य जागरुकता कार्यशाला का आयोजन

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 24 नवम्बर. प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शहीद पद्मधर सिंह शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सतना में राष्ट्रीय सेवा योजना, रेड रिबन क्लब एवं उमंग उच्च शिक्षा स्वास्थ्य जागरूकता विभाग के संयुक्त तत्वावधान में स्वास्थ्य जागरूकता कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया।**

कार्यक्रम महाविद्यालय के प्रभारी



प्राचार्य डॉ. शिवेश प्रताप सिंह के निर्देशन तथा एनएसएस जिला संगठक डॉ. क्रांति मिश्रा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यशाला में विद्यार्थियों एवं स्वयंसेवकों को रेड रिबन क्लब की भूमिका, उद्देश्य एवं गतिविधियों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही नेत्र परीक्षण, रक्त परीक्षण एवं एड्स विषयक विशेष परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया, जिसका विद्यार्थियों ने विशेष लाभ उठाया। एनएसएस जिला संगठक डॉ. क्रांति मिश्रा ने एचआईवी वायरस, उसके संक्रमण के तरीके, लक्षण, रोकथाम के उपाय तथा समाज में व्याप्त भ्रांतियों को वैज्ञानिक तथ्यों के साथ स्पष्ट किया। उन्होंने कहा कि एड्स जैसी गंभीर बीमारी से बचाव के लिए ज्ञान, जागरूकता और सुरक्षित व्यवहार अत्यंत आवश्यक है। उमंग उच्च शिक्षा स्वास्थ्य विभाग के जिला संगठक डॉ. विवेक कुमार त्रिपाठी ने विद्यार्थियों को स्वस्थ एवं स्वच्छ जीवनशैली अपनाने, अफवाहों से दूर रहने तथा समाज में जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया।

# एनसीसी दिवस पर अनुशासन, सेवा और राष्ट्रभक्ति का अनूठा प्रदर्शन

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 24 नवम्बर. एकेएस विश्वविद्यालय, सतना में 23 नवंबर को एन.सी.सी. दिवस पूरे सम्मान और उत्साह के साथ मनाया गया।**

यह विशेष दिवस, जो प्रतिवर्ष नवंबर के अंतिम रविवार को पूरे देश में मनाया जाता है, युवाओं में राष्ट्रभक्ति, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना जगाने का प्रतीक है।



विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम 3 एम.पी. बटालियन एन.सी.सी. रीवा के कमांडिंग अधिकारी कर्नल संदीप जसपाल के निर्देशन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। एनसीसी दिवस के अवसर पर विश्वविद्यालय के एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट प्राची सिंह एवं लेफ्टिनेंट दशरथ पाटीदार के नेतृत्व में कैडेटों ने राष्ट्रीय भावना को सशक्त करने वाली गतिविधियों का आयोजन किया।

### रोगी कल्याण समिति की बैठक 27 को

**सतना 24 नवम्बर.** रोगी कल्याण समिति जिला चिकित्सालय सतना के कार्यकारिणी समिति की बैठक 27 नवम्बर को सायं 4 बजे जिला चिकित्सालय सतना के सभागार में कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस की अध्यक्षता में आयोजित की गई है। सिविल सर्जन/सचिव, रोगी कल्याण समिति डॉ. मनोज शुक्ला ने संबंधित अधिकारियों से बैठक में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

# एसआईआर का कार्य पूरा करने वाले 53 बीएलओ सम्मानित

**नवभारत न्यूज**

**सतना 24 नवम्बर. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश द्वारा चलाए जा रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण ( एसआईआर ) अभियान में सतना जिले की 5 विधानसभा क्षेत्रों के 53 बीएलओ ने निर्धारित समय से पहले ही अपने मतदान केंद्रों के डिजिटाइजेशन का कार्य 100 प्रतिशत पूरा कर लिया है।**

इस उत्कृष्ट कार्य के लिए अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी विकास सिंह ने इन बीएलओ को प्रशस्ति पत्र, शाल और श्रीफल प्रदान करते हुए सम्मानित किया। इस मौके पर इलेक्शन सुपरवाइजर द्वारिकेन्द्र सिंह, केबी त्रिपाठी उपस्थित रहे।

इनमें विधानसभा क्षेत्र-61



चित्रकूट के मतदान केंद्र क्र-21 झाली के बीएलओ महेश्वरी प्रसाद विश्वकर्मा, 61 चैबेपुर के चुनकाईलाल शुक्ला, 85 रामनगर के मुनेश कुमार यादव, 88 बरूआ के राजकिशोर द्विवेदी, 155 अमीलिया के अनीश सिंह, 164 जैतवारा दक्षिण के सरस्वती द्विवेदी, 201 खांच के बृजेश तिवारी, 247 पडुहार के अमरनाथ साकेत, विधानसभा क्षेत्र 62 रैगांव मतदान केन्द्र क्रमांक 9 ररा के बीएलओ कमलेश कुमार कोरी, 17 द्वारीखुर्द के रामलाल वर्मा, 19 उसरहा के सुनील कुमार त्रिवेदी, 21 भाजीखेरा के ध्रुव सिंह बघेल, 29 रौड के अजय पाण्डेय, 45 बेलगहना के राकेश उरमलिया, 46 मझियारी के शशिकांत शर्मा, 55 पाकर के राजेन्द्र प्रसाद दहायत, 65 मझगवां के रामप्रकाश प्रजापति, 66 धौरहरा के विपिन कुमार साहू, 75 बरकोनिया माफी के तेजबली सोनी, 88 मौहारी के सत्येन्द्र रहंगडाले, 124 कठबरिया के अरूण कुमार पाण्डेय, 129 तूमिन के राजीव कुमार चैधरी, 132 डिलौरी के गया प्रसाद चैधरी, 188 देवरी कला मुनेश्वर प्रसाद शर्मा शामिल है।

इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र 63 सतना में मतदान केन्द्र क्रमांक 6 सोहास दक्षिण के बीएलओ नीरज पाण्डेय, 11 कुआं उत्तरी सतीश चैधरी, 36 सकरिया दक्षिणी विनय तिवारी, 126 बरदाडीह दक्षिण नेहा गौतम, 145 सतना कोतवाली के पास सुलेश विश्वकर्मा, 204 सिंधु स्कूल पश्चिमी रामकृष्ण दुबे, 241 कृपालपुर हरिजन बस्ती विनोद कुमार द्विवेदी के बीएलओ शामिल है। इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र 64 नागौद में मतदान केन्द्र क्रमांक 158 मानिकपुर दक्षिण के बीएलओ अखिलेश कुमार सोनी, 179 बीरपूर द. कामता प्रसाद सेन, 202 बाबूपुर उ. जुगुलकिशोर गौतम, 203 बाबूपुर द. तेजबली साकेत, 210 लगरगवां अखिल सिंह परिहार, 229 बरा रावेन्द्र सिंह, 246 पाल्हनपुर नोकेलाल मुडिया, 252 उचेहरा राकेश कुमार ताम्रकार, 267 रगौली तेजचन्द्र बिसेन तथा विधानसभा क्षेत्र 67 रामपुर बघेलान के मतदान केन्द्र क्रमांक 15 करही खुर्द की बीएलओ रश्मि तिवारी, 27 महदेवा के विजय कुमार तिवारी, 39 इटौर की सुष्मा सिंह, 55 टिकरी के रत्नराज साकेत, 57 रेहुटा के रावेन्द्र प्रताप सिंह, 97 छोटीवर्ती के समशेर प्रसाद वर्मा, 131 गांजन पू. भाग नीता त्रिपाठी, 151 रामपुर बघेलान के रामआश्रय वर्मा, 181 बढैया के विनय कुमार त्रिपाठी तथा मतदान केन्द्र क्रमांक 306 कोल्हुआ की बीएलओ गमला सिंह शामिल है।

## एक नजर में



### कुलदीप सक्सेना की पुण्यतिथि पर भोजन वितरण

**सतना।** शहर के मशहूर एंकर, वरिष्ठ राजनैतिज्ञ, समाजसेवी एवं सतना गौरव अवार्ड से सम्मानित स्व. कुलदीप सक्सेना की पांचवी पुण्यतिथि के अवसर पर श्री कुलदीप सक्सेना चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा जरूरतमंदों को भोजन प्रसाद वितरित किया गया। जगतदेव तालाब, साईं मंदिर धवारी एवं रेलवे स्टेशन पर मौजूद जरूरतमंदों को भोजन प्रसाद वितरित किया गया। इस पुण्य कार्य में संस्था के संस्थापक एवं अध्यक्ष सुशांत सक्सेना, उपाध्यक्ष श्रीमती सुषमा सक्सेना, अभिनव सिंह दिखित, सह सचिव एडवोकेट कान्हा श्रीवास्तव, रोहित सिंह, शशांक कपूर, विकाश मिश्रा बेटू, श्रेयांश श्रीवास्तव, भरत सेनानी एवं अर्पित श्रीवास्तव मौजूद रहे।

### नेत्रदान कर अमर हो गईं ललिता पुरी

**सतना।** डाली बाबा पंजाबी कॉलोनी निवासी श्रीमती ललिता पुरी ( पति स्वर्गीय



हरीश पुरी ) का आकस्मिक निधन हो गया। उनके भतीजे मोहित पुरी ने लायंस क्लब के पवन मलिक से नेत्र दान कराने की इच्छा जाहिर की। लायंस क्लब सतना हेल्पिंग हैंड्स के सहयोग से सद्गुरु सिटी आई क्लिनिक की सजग टीम के द्वारा नेत्रदान कराया गया। इस लोकोपकारी दान हेतु लायंस क्लब ने नेत्रदाता परिजनों चरणजीत सिंह पुरी, रमेश कुमार पुरी ( जेठ), राजीव पुरी, राहुल पुरी ( पुत्र) गिरीश पुरी, शमी पुरी, आशीष पुरी, चंदन पुरी, मोहित पुरी ( भतीजे ) के प्रति साधुवाद ज्ञापित किया है।

### अभिनेता धर्मेन्द्र के निधन पर शोक व्यक्त

**सतना।** समाजसेवी संस्था विमला समिति के अध्यक्ष इंजी. आकाश गुप्ता ने



बॉलीवुड अभिनेता धर्मेंद्र सिंह देयोल के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि धर्मेंद्र सिंह देयोल का निधन फिल्म जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। वे एक बेहतरीन कलाकार होने के साथ-साथ अपने सरल और सौम्य स्वभाव के कारण सभी के प्रिय थे। इंजी. आकाश गुप्ता ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और शोकाकुल परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट कीं।

### महापौर ने लोगों से लिया फीडबैक

**सतना.** महापौर श्री योगेश कुमार ताम्रकार ने आज धवारी स्थित नगर निगम जोन कार्यालय-1 का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने उपस्थित आम नागरिकों से संवाद कर उनकी समस्याएँ सुनीं तथा कार्यालय की कार्य-पद्धति के संबंध में विस्तृत फीडबैक प्राप्त किया। महापौर ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे जनहित को सर्वोपरि रखते हुए अपने दायित्वों का समयबद्ध और प्रभावी निर्वहन सुनिश्चित करें। उन्होंने नागरिक सुविधाओं एवं सेवा गुणवत्ता में निरंतर सुधार पर भी जोर दिया। निरीक्षण के दौरान नगर निगम अध्यक्ष राजेश चतुर्वेदी भी उपस्थित रहे।